

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
## अब 13 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

भारत सम्मान NEWS
RNI No. CHHHIN/2011/38292
हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman



वर्ष-13 अंक-195 | अम्बिकापुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# भानुप्रतापपुर में धान की रखवाली के लिए कोठार में सो रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला, सर धड़ से अलग कर 100 मीटर घसीटा, मौत


**भानुप्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दाबकट्टा में धान की रखवाली के लिए कोठार में सो रही महिला कमला बाई (47) पर तेंदुए के हमले में मौत हो गई। तेंदुए ने महिला को कोठार से खींचता हुआ 100 मीटर दूर ले गया। महिला का सिर धड़ से अलग हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दाबकट्टा में महिला अपने घर से दो किमी दूर कोठार में शनिवार रात को सो रही थी। इसी दौरान तेंदुए ने हमला कर दिया और महिला को करीब खींचते हुए लगभग 100 मीटर दूर जंगल की ओर ले गया। महिला का सिर धड़ से 10 मीटर की दूरी पर मिला। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग व पुलिस की टीम ने शव का पीएम कराकर स्वजनों को सौंप दिया है।



### वन विभाग द्वारा दिया जाएगा मुआवजा

परिजनों का कहना है सुबह जब कोठार में आये जो कमला बाई नहीं थी, जिससे वे घबरा गए। आसपास खून के धब्बे थे। इधर-उधर तलाशी लेने पर उनका शव कोठार से 100 मीटर दूर मिला। इसके बाद पुलिस और वन विभाग को खबर दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी धनलाल साहू ने बताया महिला पर तेंदुए ने हमला किया है। शव पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया है। विभाग के द्वारा निर्धारित मुआवजा दिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में रामोत्सव की तैयारियां तेज, राम वनगमन पथ पर भी सजेंगे दिए




**रायपुर।** श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन उत्सव की तैयारियां छत्तीसगढ़ में जोर-शोर से जारी है। 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के गांव से लेकर शहर तक रामोत्सव मनाया जाएगा। श्रीराम वन गमन पथ पर भी साज-सज्जा होगी। पथ भी दिए से सजाएं जाएंगे। राज्य सरकार ने इस उत्सव को भव्य रूप से मनाएं जाने का निर्णय लिया हैं। अयोध्या में आयोजित किए जा रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के मौके पर पूरे प्रदेश में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जिला मुख्यालय और विकासखंड के कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही राम वनगमन पथ के स्थलों पर भी विशेष कार्यक्रम होंगे।

### मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को दी जानकारी

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने चिप्स के सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल बैठक में सभी कलेक्टरों को आयोजन की रूप रेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगे। ऐसे आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी से किए जाएं। प्रत्येक विकासखंड स्तर में कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। मंदिर प्रांगण में क्षेत्र की पांच मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना के 7 नए संक्रमित मरीजों की हुई पहचान




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रदेश में रविवार को मिले कोरोना मरीजों का आकड़ा जारी किया है. जिसके मुताबिक आज प्रदेश जिलों में 1009 सैंपलों की जांच की गई जिनमें 7 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. आज सैंपलों की जांच के दौरान प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.69 प्रतिशत रही. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी आकड़ों के मुता आज राज्य के 2 जिलों में कोरोना संक्रमित मरीज मिले है. जिनमें रायगढ़ में 5 और बिलासपुर में 2 मरीजों में कोरोना की पुष्टी हुई है. इन जिलों के अलावा बाकि जिलों में कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया है. वहीं होम आइसोलेशन में रह रहे 7 कोरोना संक्रमित इलाज के दौरान ठीक हो चुके हैं. ताजा आकड़ों के मुताबिक, वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोरोना केस की संख्या घटकर 91 हो गई है.

### इन बातों का रखें ध्यान

सर्दी खासी और लगातार बुखार रहने पर तुरंत अपने नजदीकी डॉक्टर या फिर स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपनी जांच कराएं. अगर आपको वायरल इनफेक्शन भी होता है तो खुद को छोटे बच्चों से दूर रखें. गर्म पानी का लगातार सेवन करते रहें. प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फलों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें. अगर आपकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और डॉक्टर ने आपको होम आईसोलेशन में रहने कहा है. ऐसे में आप घर में होम आईसोलेट रहें साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें. हाथों को भी लगातार साफ करते रहें. साफ सफाई से कोरोना दूसरे तक नहीं फैल पाएगा.



# राजधानी में सिरफिरे ने नशे की हालत में की चाकूबाजी, 3 लोगों पर जानलेवा वार कर किया घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक सिरफिरे शख्स ने चाकूबाजी कर ऐसा कहर बरपाया इलाके के लोगों के दिलों में दहशत घर कर गई. उस शख्स 3 लोगों पर चाकू से जानलेवा वार कर उन्हें घायल दिया. इस घटना का वीडियो भी सामने आया हैं जिसमें सिरफिरा चाकू लहराता हुआ नजर आ रहा है. घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, चाकू लेकर लोगों को आतंकित करने वाले बदमाश का नाम फिरोज है, जिसने आज नशे की हालत में राजधानी के गोविंद नगर इलाके में चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया. फिरोज पर आरोप है कि, उसने स्थानीय रहवासी सिविल ठेकेदार मनिंदर सिंह समेत तीन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर उन्हें घायल कर दिया. इनमे गंभीर रूप से घायल मनिंदर सिंह को उपचार के लिए ए ?क निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चाकूबाजी की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है.

# खेल मंत्री टंकराम वर्मा का बड़ा ऐलान

## कहा- खिलाड़ियों को मिलेगा खेल अलंकरण, जनवरी-फरवरी में होगा समारोह का आयोजन

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आने वाले समय में खेल में बहुत बदलाव होने का संकेत दिया है. साथ ही उन्होंने प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल अलंकरण दिए जाने की घोषणा करते हुए जनवरी या फरवरी में खिलाड़ियों को खेल अलंकरण दिए जाने मिलने की बात कही.

स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने राजधानी के राम मंदिर पहुंचे खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भूपेश बघेल ने जिस खेल अलंकरण समारोह को रोककर रखा था, उसे हमारा प्रयास है कि जनवरी में ही कर लें. अगर जनवरी में नहीं हो पता तो फरवरी में निश्चित करेंगे. टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अलंकरण पुरस्कार मिलेगा,



विभाग में नौकरियां भी मिलेगी. हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने खिलाड़ियों को जो अंक दिए थे, उनके अनुसार उनको विभाग में नौकरियां भी मिली थी. इस तरह के रास्ते फिर से खुलेंगे. खिलाड़ियों का भविष्य बहुत उज्जवल रहेगा. अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर टंकराम वर्मा ने कहा कि जिन पूर्वजों ने सपना देखा था कि रामलला विराजे जाएंगे, वह सपना पूरा होने वाला है. स्वच्छता अभियान हमारे प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाया गया है. प्रधानमंत्री चाहते हैं कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने. इसमें सभी की भूमिका हो, इसलिए हम सभी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में अपना-अपना योगदान दे रहे हैं.





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
07828866957
09303890212

# संपादकीय

## विन्ध्य पार भाजपा की ज्यादा तैयारी!

एकनाथ शिंदे के खेमें का असली शिवसेना घोषित होना अंहम सियासी संकेत है। इससे48 लोकसभा सीटों की चुनावी तस्वीर साफ हुई है। महाराष्ट्र में भाजपा अकेले अपने दम पर, अधिकाधिक सीटों पर लड़ेगी। शिंदे और अजित पवार के लोगों को भाजपा 48 में से दस सीटे बांटे तो बड़ी बात होगी।दोनों के जमीनी आधार को लेकर भाजपा गलतफहमी में नहीं है। सबने माना हुआ था कि शिंदे गुट की ठाकरे परिवार के भगवा वोटों पर पकड़ नहीं है। सो पहली बात भाजपा बनाम ठाकरे परिवार के बीच अगला चुनाव आर-पार का है। भाजपा की पहली प्राथमिकता मुंबई, थाने, पूणे की पट्टी से ठाकरे पार्टी के सफाए की होगी। भाजपा राम मंदिर की हवा और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर महाराष्ट्र में वैसे ही परिणामों की उम्मीद में है जैसे उत्तरप्रदेश में उम्मीद है। सोचे, यदि यूपी में भाजपा 80 में से 75 सीटे जीते और महाराष्ट्र की 48 में से चालीस सीटे जीते तो मई के चुनावों में भाजपा की 400 सीटों का हल्ला साकार हो सकता है। क्या ऐसा सिनेरियों उद्धव ठाकरे, शरद पवार, कांग्रेस नेता, अखिलेश और मायावती को समझ आ रहा होगा? ये इस हिसाब से क्या कोई करों-मरों वाली चुनावी तैयारियां करते हुए है। हां, अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की हवा काफी हद तक अखिल भारतीय होनी है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह आदि भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की चुनिंदा सीटों पर जैसा ध्यान दिया है वह चौंकाने वाला है। पिछले चुनावों में 30 प्रतिशत के आसपास के भाजपा वोटों वाली तमाम सीटों पर माइक्रों लेवल पर भाजपा-संघ नेता काम करते हुए है। जैसे भाजपा चुनाव में नेताओं के भाषणों की शुरूआत कॉरपेट बमबारी से करती है और माहौल बनाती है वैसे ही इस बार विन्ध्य पार भाजपा बड़ा हल्लाबोल बनाएगी। केंद्रीय मंत्रियों और नामी चेहरों को चुनाव में उतारेगी तो चुएक-एक संभव सीट पर विपक्ष की फूट का फायदा उठा कर 35 प्रतिशत वोटों से सीट जीतने की मेहनत करेगी। ध्यान रहे केरल, तमिलनाडु में भी ऐसी पांच-छह सीटे है जहां भाजपा को 25-30 प्रतिशत वोट मिले हुए है। सो यदि केरल में कांग्रेस-लेफ्ट फ्रंट चुनाव में आमने-सामने हुए (जिसकी संभावना है) तो भाजपा चुनाव में पांच-आठ प्रतिशत बढ़वा कर कुछ सीटों पर अनहोनी कर सकती है। चैन्नई दक्षिण में यदि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उम्मीदवार हुई तो द्रविड पार्टियों के आपसी मुकाबले में उनके जीतने के अवसर बन सकते है। जब काशी-तमिल संगम और दक्षिण के तीर्थों को अयोध्या, काशी से जोड़ने जैसेहल्ले है और चुनावी प्रबंधों, संसाधनों में सबकुछ रिकार्ड तोड होगा तोविपक्ष की फूट वाली सीटों पर भाजपा अपना वोट आधार कुछ प्रतिशत बढ़ा ले तो वह विपक्ष के लिए बहुत नुकसानदायी होगा। इस रणनीति में महाराष्ट्र में सर्वाधिक काम होना है। मुमकिन है प्रदेश की 48 सीटों में भाजपा 35-40 सीटे अकेले लड़े औरवह2019 से भी अधिक सीटे पा जाए। यों कांग्रेस-उद्धव ठाकरे गुट में सीट बंटवारे की बात हो रही है। शरद पवार भी भतीजे अजित पवार से दूरी बनाए हुए है। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव की घोषणा तक ठाकरे- कांग्रेस-पवार खेमें का एलायंस बिखरा औरअनिश्चितताओं में रहेगा। संस्पेस चलेगा। इन्हे संसाधनों का भी टोटा होगा। भाजपा प्रदेश में शिंदे, अजित पवार के चेहरों को कतई आगे नहीं रखेगी। केवल नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी।रणनीति में केवल मोदी और मंदिर का वह हल्ला रहेगा जिससे ठाकरे के भगवा वोट टूटेंगे तो कांग्रेस की दलित-आदिवासी, ओबीसी राजनीति वैसे ही बेअसर होगी जैसे छतीसगढ़, राजस्थानके हाल के विधानसभा चुनावों में थी।

# माओवादियों ने केंद्र पर फिर लगाया एयर स्ट्राइक का आरोप, तस्वीर जारी कर लोगों को आंदोलन के लिए उकसाया



**बीजापुर।** माओवादियों ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर एयर स्ट्राइक करने का आरोप लगाया है. सीपीआई (माओवादी) दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने सुकमा-बीजापुर के सरहदी मेटटागुड़ा, एरनपल्ली और बोटट्टे तोंग में ड्रोन से बमबारी करने का आरोप लगाते हुए तस्वीर जारी की है.

सीपीआई (माओवादी) दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के प्रवक्ता समता की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 13 जनवरी को जब लोग संक्रांति का त्योहार मना रहे हैं, तब बीजापुर जिले के बार्डर इलाके के गांव ङ्क मेट्टागुड़ा, एर्रानपल्ली, बोट्टेतोंग में खेत-खलिहान और जंगल इलाके में ड्रोन से बम गिराया गया है. जिसके विरोध में लोगों से आंदोलन करने का आह्वान किया गया है.

बयान में कहा गया कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के बाद आरएसएस-भाजपा की बुलडोजर सरकार बनाने के बाद हजारों संख्या में पुलिस को तैनात कर नया कैंप बना रहे हैं. सैकड़ों बुलडोजर, पोकलेन और गाड़ियां चलाकर जंगल को विध्वंस करके कैंप और कैंप के लिए पुलिया, रोड, टॉवर बना रहे हैं. यह सब आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के आदेश पर ही हो रहा है.

नक्सल संगठन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का आदिवासी चेहरा कारपोरेट कंपनियों को सेवा करने के लिए एक मुखौटा है. भाजपा सरकार का पॉलसी वहीं है. छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी बहुल इलाका और खनिज संपत्ति का भंडार है. कई अनेक सालों से इस भंडार को कारपोरेट कंपनियों का सौंप देने के लिए सरकार प्रयास कर रही है. इसी को विकास का नाम से ढोल पीट रहे हैं.

# गरीबी से तंग आकर दे दी जान : 70 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कोरबा।** बालको नगर पुलिस थाना क्षेत्र के दोन्द्रों गांव में एक जनजातीय परिवार की बुजुर्ग महिला ने खुदकुशी कर ली. उसे घर के एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा गया. गांव में इस तरह का यह सबसे अलग घटनाक्रम है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. इस मामले में बताया जा रहा है कि घर की दयनीय आर्थिक स्थिति ने महिला को काफी परेशान कर रखा था.

जानकारी के अनुसार, बालको नगर से 3 किलोमीटर दूर दोन्द्रों गांव में 70 वर्षीय मुंदरी कंवर ने फांसी लगाकर जान दे दी. इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. आसपास पड़ोसियों की भीड़ एकत्रित हो गई. इस घटना की जानकारी कोटवार ने पुलिस को दी. जहां घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस जांच शुरू कर दी है. मृतिका के भतीजे रामदयाल कंवर ने बताया कि मुंदरी कंवर रिश्ते में चाची थी. उनकी एक भी संतान नहीं थी. महिला ने भतीजे के पांच बच्चे को गोद लिया था और कमाने वाला भी कोई नहीं था. बच्चों के पालन पोषण के लिए वह खुद मजदूरी करती थी, जिससे वह बेहद परेशान रहा करती थी. इसी बीच घर के लोगों से नजर बचाकर वह आत्महत्या कर ली. गांव में रहने वाले शंभू कुमार ने बताया कि महिला के परिवार की स्थिति अच्छी नहीं थी. ऐसे में 6 सदस्यों के भरण पोषण की जिम्मेदारी एक व्यक्ति पर होने से वह परेशान थी. संभावना है कि गरीबों की वजह से उसने इस तरह का निर्णय लिया होगा. फिलहाल इस पूरे मामले में शव का पोस्टमार्टम कराकर पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा.



# इंडिगो के यात्री एयरपोर्ट में भटकने को मजबूर, रायपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट हुई डिले, स्टॉफ भी नहीं कर रहा मदद

**रायपुर।** इंडिगो के विमान से रायपुर से दिल्ली की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सुबह 9 बजे रायपुर आ जाने वाला विमान दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचा था. विमान कब रायपुर पहुंचेगा, इस पर एयरलाइंस का स्टॉफ भी सही जानकारी नहीं दे पा रहा है. यात्री भूपेंद्र बंसल ने बताया कि सुबह 8.30 बोर्डिंग का टाइम बताया गया था. सभी यात्री समय पर आ गए हैं, लेकिन फ्लाइट का अब तक कुछ अता-पता नहीं है. इंडिगो का स्टॉफ भी इस संबंध में सही जाकारी नहीं दे पा रहा है. इसके अलावा यात्रियों के लिए चाय-पानी तक की व्यवस्था नहीं है. उन्होंने बताया कि कुछ यात्री भी हैं, जिनका डॉक्टर से अपॉइंटमेंट था. लेकिन अब फ्लाइट के लेट होने की वजह से वे भी डॉक्टर से नहीं मिल पाएंगे. उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के डिस्प्ले में विमान के आने का समय 1.30 बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मोबाइल एप में विमान आने का समय 2.15 बता रहा है. यात्री पशोपेश में हैं कि किस समय को सही माने.

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री राम मंदिर में की साफ सफाई, सांसद सुनील सोनी और मंत्रियों ने भी लगाया झाड़ू-पोछा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर में साफ सफाई की. इस दौरान मुख्यमंत्री साय के साथ सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, टंक राम वर्मा, रामविचार नेताम और विधायक पुरंदर मिश्रा समेत अन्य नेता भी हाथ में झाड़ू-पोछा लिए साफ सफाई करते नजर आए. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के पहले सभी लोगों से मंदिरों, आस्था केंद्रों की साफ सफाई करने का आव्हान किया है. पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है. प्रधानमंत्री मोदी ने आव्हान किया है कि सभी मंदिर, तीर्थ और मठ में सफाई का काम करें. वहीं आज रायपुर राम मंदिर में हम सफाई काम किए. 22 जनवरी को भव्य उत्सव रहेगा और अभियान भी जारी रहेगा. छत्तीसगढ़ में भी 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं. पूरे छत्तीसगढ़ में आम जनता, मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी से भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे.



# रायपुर में रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वालों को हो रहा भारी नुकसान, टायर किलर से दो दिनों में डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के फटे टायर

**रायपुर।** शहर में स्पीड गाड़ियों पर नियंत्रण लाने के लिए नगर निगम और पुलिस यातायात विभाग ने रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वालों के लिए टायर किलर लगाने की पहल की गई. यह पहल कारगर भी साबित हो रही है. दो दिनों में रॉन्ग साइड में चलने वाले डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के टायर फट गए हैं. रायपुर में दो जगहों पर टायर किलर लगाए गए थे लेकिन दुर्घटना की आशंका के चलते एक जगह से उसे हटा दिया गया है.

शहर के तेलीबांधा रिंग रोड के आगे काके द हैप्पी ढाबा रोड में है टायर किलर लगाया गया है. इसके साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग के पास लगे टायर किलर को दुर्घटना की आशंका के चलते हटा दिया गया है. जबकि मल्टी लेवल पार्किंग के पास नगर निगम ने बोर्ड लगाकर 3 दिन पहले ही चेतावनी जारी किया था. इतना ही नहीं यहां तैनात यातायात पुलिस के जवान भी लगातार लोगों को समझे देते हुए नजर आ रहे थे. रिंग रोड के पास लगे टायर किलर के चलते शनिवार को कई गाड़ियां के टायर फट गए. बताया जा रहा है कि टायर किलर लगाने के दो दिनों में ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों के टायर फट गए हैं मल्टीलेवल पार्किंग के पास लगाए गए टायर किलर को हटाकर अब उसे

# खोखले निकले सरकारी दावेः आजादी के 75 साल बाद भी इस गांव में नहीं पहुंची बिजली, चिमनी और लालटेन के सहारे ग्रामीण, और कब तक इंतजार करना होगा साहब !





**खैरागढ़।** सरकारें आती-जाती रहती हैं और नेता जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वादे और दावे करते हैं. अब उन्हीं खोखले दावों की पोल खुलती नजर आ रही है. खैरागढ़ जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कटेमा में आजादी के बाद आज भी बिजली पहुंच नहीं पाई है. आज भी ग्रामीण अंधेरे में अपना जीवनयापन करने पर मजबूर है. ऐसे में सवाल उठता है और कब तक इन्हें अंधेरे में रहना होगा. आखिर कब गांव में बिजली पहुंचेगी.

बता दें कि, खैरागढ़ जिले के आखिरी छोर पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य की सीमा पर कटेमा नामक गांव बसा है. मैकल पर्वत माला पर बसे और चारों ओर से घने जंगलों से घिरे इस गांव की खैरागढ़ जिला मुख्यालय से दूरी लगभग 60 से 65 किलोमीटर है. कटेमा 30-35 घरों की बस्ती है, जो ग्राम पंचायत लक्षना का आश्रित ग्राम है. ग्राम कटेमा में आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है. यहां के लोग आज भी पारंपरिक रूप से चिमनी और लालटेन जैसे साधनों का उपयोग करते हैं. हालांकि, शासन ने गांव में सोलर पैनल से बिजली की व्यवस्था की है, लेकिन घने जंगल की वजह से सूर्य का प्रकाश कम ही पड़ता है और तो और बारिश के समय तो इसकी उपयोगिता हो ही नहीं पाती है. ऐसे में ग्रामीण सोलर पैनल के लगने के बाद भी बिजली की आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं.

वहीं कटेमा के ग्रामीणों को सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले राशन को लेने के लिए भी गांव से 17 किलोमीटर दूर अपने ग्राम पंचायत लछना जाना पड़ता है. हालांकि, शासन-प्रशासन ने खैरागढ़ जिले के इस घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र को लेकर अब सकारात्मक पहल की है और गांव में ITBP और जिला पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत कैंप की स्थापना की जा रही है. कैंप स्थापना के बाद नक्सलियों द्वारा अंतरर्राजीय सीमा लांघना अब कठिन हो जाएगा और क्षेत्र से लाल आतंक का जल्द ही सफाया हो जाएगा. ट्राई जंक्शन पर बने इस कैंप को एंटी नक्सल ऑपरेशन का मिल का पत्थर भी कहा जा सकता है. तीन राज्यों की सीमा पर बसा गांव कटेमा छत्तीसगढ़ का अंतिम छोर है, जिसे नक्सलियों का द्वद्वष जोन भी माना जाता है. ऐसे में इस गांव के ग्रामीणों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना शासन-प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसे देखते हुए अब ज़िला पुलिस और आईटीबीपी के द्वारा संयुक्त कैंप स्थापित किया जा रहा है. जिससे क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति का वातावरण निर्मित होगा और विकास कार्य में तेजी आएगी. सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाने के कारण अब नक्सल अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार नहीं कर सकेंगे, जिससे शासन की तमाम जन हितैषी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल पाएगा.

## ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, 24 घंटे में 2 लोगों की चली गई जान





**कोरबा।** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया. युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.

बता दें कि, ये घटना दीपका थाना अंतर्गत चैतमा के ग्राम मांगामार हाईस्कूल के पास घटी है. जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से गोपालपुर निवासी सुनील सारथी की मौत हो गई. युवक कुसमुंडा खदान में ठेकादार था. घटना के बाद ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. वहीं दीपका पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घण्टे में ट्रेलर की चपेट में आने से दूसरी मौत हुई है.

## असीम राय की हत्या करने वाले शूटर को पुलिस ने महाराष्ट्र में दबोचा, पिस्टल सप्लाई करने वाला भी चढ़ा कानून के हत्थे



**कांकेर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या करने वाला शूटर आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ ही गया. कांकेर पुलिस ने शूटर विकास तालुकदार को चंद्रपुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर आज प्रेस के सामने प्रस्तुत किया. भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की पखांजूर में 7 जनवरी की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मामले में पुलिस पखांजूर नगर पालिका अध्यक्ष बप्पा गांगुली के साथ पार्षद विकास पाल के साथ 12 लोगों को आरोपियों को गिरफ्तार किया था. वहीं मामले में फरार चल रहे शूटर विकास मजूमदार को ट्रेक कर पुलिस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. पुलिस ने विकास की निशानदेही पर हत्याकाण्ड में इस्तेमाल किए गए 7.65 एमएम पिस्टल, 2 मैग्जीन एवं 8 नग राउण्ड को गोपी दास के घर से पैरावट में बरामद किए. वहीं शूटर विकास तालुकदार को पिस्टल सप्लाई करने वाले आरोपी सोनू साहू को दंतेवाडा से गिरफ्तार किया गया. उसके कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे गए 2 नग पिस्टल, 2 मैग्जीन एवं 30 राउण्ड बरामद किए.

## पुलिस ने बस स्टैंड पर दो तस्करों को दबोचा, पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस के साथ गांजा किया बरामद





**रायगढ़।** जिले में नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, बीती रात कोतवाली थाना पुलिस ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से 2 शातिर तस्करों को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और करीब 5 किलों गांजे के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी मजदूरी के काम की आड़ में गांजा तस्करी का काम कर रहे थे. इन बदमाशों में से एक खरसिया में हुई एक लूट की वारदात में भी शामिल था. पुलिस के मुताबिक, शनिवार 13 जनवरी को कोतवाली थाना पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि, तुरीपारा दर्राडीपा में रहने वाला ओमप्रकाश जांगड़े और उसके साथी गोविंद भट्ट की गतिविधियां संदिग्ध है, मुखबिर ने दोनों पर गांजा तस्करी का संदेह व्यक्त किया. जिसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे ने दोनों की निगरानी के लिए टीम को निर्देश दिया. टीम द्वारा दोनों संदेहियों की रेकी के दौरान देखा कि शनिवार की शाम करीब 6 बजे प्लास्टिक की बोरी में रखी कुछ संदिग्ध वस्तुओं के साथ दोनों बस स्टैंड पर खड़े है. जिसके बाद टीम ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय की सभी एंट्रेंस पर घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा. पुलिस ने दोनों को पकड़ने के बाद जब उनके पास रखे प्लास्टिक बोरी की तलाशी ली तो प्रकाश जांगड़े के पास रखे प्लास्टिक बोरी के अंदर तीन पैकेट में गांजा और एक पिस्टल बरामद हुई. वहीं गोविंद भट्ट के पास एक रखे प्लास्टिक बोरी में दो पैकेट में गांजा और दो जिंदा कारतूस मिला. दोनों के पास से बरामद कुल 4 किलो 625 ग्राम गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत 70 हजार रूपये बताई जा रही है. मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के साथ 25 आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है.

## गुजराती फूड फेस्टिवल में पहुंचे पर्यटन मंत्री बृजमोहन, कहां- पीएम और मोटा भाई आते हैं तो नाश्ते में खाते है ढोकला और चिवड़ा



**रायपुर।** गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा गुजराती फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया. इसमें गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों को परोसा गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि गुजराती खाना किसे पसंद नहीं होता हैज ये तो सभी बड़े शौक से खाते है. उन्होंने कहा कि जब भी छत्तीसगढ़ के दौरे पर पीएम मोदी और मोटा भाई यानी अमित शाह आते है तो उनके लिए भी गुजराती व्यंजनों की तैयारी उनके द्वारा की जाता ही, यही कारण है कि उन्हें अब कई गुजराती डिश खूब पसंद है. उन्होंने कहा कि जब भी पीएम और अमित शाह प्रदेश के दौरे पर आते है तो उनके लिए नाश्ते में ढोकला और सुखा चीवड़ा विशेष रूप से तैयार कराया जाता है. इस दौरान विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा एवं पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित रह कर गुजराती भोज का लुत्फ़ उठाया. कार्यक्रम में रायपुर के विभिन्न अतिथियों और गुजराती समाज की ओर से गुजराती फ़ूड फेस्टिवल को सराहा गया. आमंत्रित ब्लॉगर्स भी ऐसे अनोखे आयोजन से काफी प्रभावित हुए. रायपुर शहर में बस रहे गुजराती समाज की बाहनों ने गरबा प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ में गुजराती माहौल बना दिया.

# दो दिनों में ओडिशा का 300 बोरा धान किया जब्त

## बोगस बिक्री से पहले 34 किसानों का 104 एकड़ रकबा समर्पण, कलेक्टर ने संलिप्तों पर कार्रवाई के दिए निर्देश





**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा अवैध परिवहन रोकने और बोगस बिक्री पर लगाम लगाने सख्ती बरतने के निर्देश का असर देखने को मिल रहा है. जिले का क्षेत्र बड़ा होने के कारण देवभोग एसडीएम अर्पिता पाठक के अलवा कलेक्टर ने अभियान में अतरिक्त अफसरों की ड्यूटी लगा दी है. सुस्त बैठे अन्य विभागों के अफसरों को भी फटकार लगाया है, जिसमे बाद संयुक्त टीम की सक्रियता सीमावर्ती इलाके में देखी जा रही है. पिछले दो दिनो की बात की जाए तो, उरमाल के बलधियामाल चेक पोस्ट, खुटगाव और तुआसमाल इलाके से अवैध धान से लदे 5 पिकअप के खिलाफ कार्रवाई लगभग 300 बोरा धान के साथ वाहनों को जब्त किया गया है. एसडीएम पाठक ने बताया की, सभी के विरूद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है.

### 100 एकड़ से ज्यादा रकबे का समर्पण

बता दें कि, जिला प्रशासन के निर्देश के बाद अनुविभाग क्षेत्र में गठित अमला लगातार टोकन का सत्यापन कर रहा है. इस अभियान के तहत उत्पादन प्रभावित क्षेत्र दीवानमूड़ा खरीदी केंद्र के अधीन आने वाले 8 गांव के 34 ऐसे किसानों से 100 एकड़ से ज्यादा रकबे का समर्पण कराया गया जिनके खेतो में धान का उत्पादन नहीं हुआ, लेकिन उनका पंजीयन था. जिसकी बिनाह पर किसान धान बेचने में तैयारी कर रहे थे. प्रशासन की टीम ने बीते शुक्रवार शाम से विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला कर काटे गए टोकन का भौतिक सत्यापन किया. जिसमें 50 से ज्यादा ऐसे टोकन मिले है जिनकी धान बिक्री की तारीख तो तय थी, लेकिन उनके पास धान एक भी दाना नही मिला. इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए एसडीएम ने जल्द ही निरस्त हुए टोकन के विषय में सोमवार को विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन को भेजने की बात कही है.

### टोकन के भौतिक सत्यापन के लिए बनी टीम

उत्पादन की तुलना में ज्यादा मात्रा में बिके धान को लेकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश के बाद अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने टोकन के भौतिक सत्यापन के लिए टीम का गठन किया है. टोकन के भौतिक सत्यापन लिए बनाई गई टीम में गोहरापदर, देवभोग समिति के गांव में अर्पिता पाठक, धौराकोट, रोहना गुड़ा की जांच तहसीलदार गेंद लाल साहू, दिवानमूड़ा के लिए नायब तहसीलदार तरेंद्र ठाकुर, घूमरगुड़ा के लिए नायब तहसीलदार रुपेश मरकाम, लाटापारा के लिए सहायक खाद्य अधिकारी रवि शंकर कोमरा, अमलीपदर मूढ़गेल माल समिति के लिए तहसीलदार आर केवर्त, झरगाव और तेतलखुटी समिति क्षेत्र के लिए खाद्य निरीक्षक आरती यादव को जवाबदारी दी गई है.

### संलिप्त लोगो पर भी कार्यवाही करें

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्रों में आवक धान का दो दिन के भीतर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये है. उन्होंने सीमावर्ती इलाकों से अवैध धान की आवक और उनकी खरीदी बिक्री रोकने के लिए इनमें संलिप्तता पाये जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है. कलेक्टर ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य विभाग, सहकारी संस्थाएं एवं विपणन विभाग सहित सभी एसडीएम-तहसीलदारों की समीक्षा बैठक ली. उन्होंने अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए. इसके साथ ही धान खरीदी में कोई कोताही नहीं बरतने को कहा. कलेक्टर ने धान बेचने वाले किसानों को खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने अवैध धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में न हो इसके लिए सभी केन्द्रों में धान के आवक, उठाव और संभावित खरीदी के रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये. साथ ही जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए है. उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दो-दो खरीदी केन्द्रों का अनिवार्यता भौतिक सत्यापन दो दिन के भीतर करने के निर्देश दिए.

# धान बिचौलियों पर प्रशासन सख्तः अवैध धान परिवहन करते 3 वाहन पकड़ाए, 258 बोरी धान किया जब्त






**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** जिले में कलेक्टर कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के दिशा निर्देशन में राजस्व, खाद्य, पुलिस और मंडी बोर्ड के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा लगातार धान उपार्जन केंद्रों एवं व्यापारियों के गोदामों में आकस्मिक निरीक्षण, समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी, अवैध रूप से धान का परिवहन, भंडारण और अमानक स्तर के धानों की जांच पड़ताल और कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत आज अवैध रूप से अंतर्राज्यीय धान का परिवहन करते हुए पाए जाने पर 3 वाहनों से पकड़ा गया है, इस दौरान इन वाहनों से 128 क्विंटल (258 बोरी) धान को जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक, मध्यप्रदेश की सीमा से जिले में लाए जा रहे 2 वाहनों में लदे कुल 95 क्विंटल (183 बोरी) धान संदिग्ध होने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्त कर गौरेला थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है. इसी तरह से पेंड्रा में व्यापारी अजय सुल्तानिया से माजदा वाहन सहित धान के अवैध परिवहन पर 33 क्विंटल (75 बोरी) धान जब्त कर अग्रिम कार्यवाही तक पेंड्रा थाना के सुपुर्द किया गया है. उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए के जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है. जिले के सभी सीमावर्ती चेक पोस्ट पर 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक अपना कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए है. साथ ही कच्चे रास्तो एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है. प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रो एवं बिचौलियों, कोचियों पर विशेष निगरानी रखा जा रहा है. अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है.

# राजस्व और खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, राइस मिलर के पास से 7800 बोरी धान और दो ट्रक सील





**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** जिले में राजस्व और खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने राइस मिलर के पास बड़ी मात्रा में नियम विरुद्ध और बिना किस वैध दस्तावेजों के रखे गए 7800 बोरी धान और दो ट्रकों को सील किया है. धान को मरवाही थाना क्षेत्र के लरकेनी में जमा कर रखा गया था. जानकारी के अनुसार, राजस्व और खाद्य विभाग की टीम को सूचना मिली थी की मरवाही के लरकेनी गांव में बड़ी मात्रा में सड़क किनारे खुली जगह पर धान का भंडारण किया जा रहा है. जिसके बाद टीम मरवाही पुलिस के साथ पहुंची. जहां टीम के पूछताछ करने पर पता चला कि लरकेनी के श्री साईं एग्रो कस्टम मिलर्स के द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए लाए गए धान का भंडारण किया गया है. जिसपर विभाग की टीम ने उक्त स्थल पर भंडारण करने संबंधित आदेश और दास्तावेज मांगे जिसे राइस मिलर प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिसके बाद टीम ने बिना आदेश और नियमविरुद्ध रखना पाते हुए मरवाही पुलिस की उपस्थिति में 7800 बोरी धान और दो ट्रकों को सील कर दिया है. मामले में आगे की कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय को भेज दिया गया है.


# मालगाड़ी का इंजन हुआ डिरेल, पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों को हुई काफी परेशानी



**बालोद।** जिले के दल्लीराजहरा रेल्वे स्टेशन में मालगाड़ी ले जाने वाली इंजन पटरी से डिरेल हो गई. इससे ट्रेक क्रमांक 1,2,3 प्रभावित हुई. इंजन के डिरेल होने से आज सुबह अंतागढ़ से दुर्ग जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. हादसा कल देर रात करीब 1 बजे हुआ. दरअसल, पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म में न रुककर ट्रेक क्रमांक 4 में रुकी, जिसके कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए ट्रेक 4 में जाना पड़ा. हालांकि हादसे का कारण अभी तक स्पस्ट नहीं हो पाया है. इसकी जांच की जा रही है.



अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547